समस्या | जिले के पटोरी में बनाए गए सैलो खरीदी केन्द्र में तकनीकी समस्या और सर्वर डाउन की प्रक्रिया में उलझी खरीदी प्रक्रिया

गेहूं से भरे ट्रैक्टरों की कतार, किसान परेशान

नवभारत, कटनी। गेहूं खरीदी प्रक्रिया में तकनीकी समस्याओं और सर्वर डाउन होने के कारण गेहूं खरीदी प्रक्रिया में देरी हो रही है। जिले के पटोरी में बनाए गए सैलो खरीदी केन्द्र में गेहूं से भरे दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतार लगी हुई है। जिला प्रशासन के अधिकारी गेहूं खरीदी में हो रही देरी का कारण सर्वर डाउन होने की समस्या बता रहे हैं, लेकिन सरकारी की इस समस्या का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। आलम ये है कि पटोरी में बनाए गए सैलो खरीदी केंद्र की ओर जाने वाली सड़क ट्रेक्टर चालक और किसान भीषण गर्मी में सड़क पर इंतजार करने को मजबूर हो गए हैं। खरीदी प्रक्रिया की स्थिति इतनी बिगड़ी हुई है किसानों और ट्रेक्टर चालकों को सड़क पर ही खाना बनाकर खाना और रात बिताना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र के अंदर प्रवेश के लिए 4 किलोमीटर का सर्किल बनाया गया है। भीषण गर्मी के बावजूद किसानों के पास पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। प्रशासन द्वारा पानी के टैंकरों के दावे किए गए हैं, लेकिन अव्यवस्थित कतारों के कारण ये टैंकर अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस बार किसानों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बनी है स्लॉट बुकिंग की तारीखों में अचानक बदलाव। किसान किसानों का कहना है कि अचानक स्लॉट बुकिंग में बदलाव किए जाने से भी परेशानी हो रही है। तारीखों में उलझ रही स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया से किसान निराश होकर वापस लौटने का मन भी बना रहे हैं। किसानों का कहना है कि सर्वर डाउन होना, तकनीकी परेशानी सहित अन्य समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है, लेकिन जिला प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने फेल नजर आ रहा है, सुविधाजनक गेहूं खरीदी प्रक्रिया के दावों की पोल सड़क लगी गेहूं से भरे ट्रेक्टर की कतारें पोल खोल रही हैं। खरीदी कार्य में हो रही लेटलतीफी के कारण किसान बेहद परेशान है और आपस में ही किसानों के बीच विवाद की स्थिति भी बन रही है। पटोरी के सैलो खरीदी केन्द्र के मैनेजर पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि बहोरीबंद के 22 खरीदी केंद्रों को इसी एक केंद्र में मर्ज कर दिया गया है, जिससे दबाव बढ़ गया है। प्रतिदिन 350 ट्रालियां खाली की जा रही हैं। 15-16 हजार क्विंटल का स्टोरेज हो रहा है। सर्वर डाउन होने और शनिवार-रविवार को भी खरीदी चालू करने के निर्णय के कारण स्लॉट की तारीखों में बदलाव हुआ है। इस मामले में एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया का कहना है कि सर्वर में तकनीकी खराबी होने की वजह से किसान काफी संख्या में केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। हालांकि प्रशासनिक दावों की बीच सड़क पर लगी गेहूं भरे ट्रेक्टरों की तस्वीर पोल खोल रही है।

टायर फटने से खाई में गिरी स्कार्पियो, महिला की मौत, 5 गंभीर

कटनी। जबलपुर-कटनी रोड पर आज दोपहर तेज गति से आ रही स्कार्पियो टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटते हुए खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं पांच लोगों को गंभीर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए जबलपुर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर दो की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। खबर है कि कटनी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर परिवार के 6 सदस्य करेली जिला नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए। स्कार्पियो कटनी से कुछ दूर पहुंची थी कि धमाके के साथ टायर फट गया, जिससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटते हुए खाई में गिर गई। घटना को देख राह चलते लोग रुक गए, यहां तक कि आसपास के लोग भी पहुंच गए। जिन्होने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने महिला को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्य पांच घायलों की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया। निजी अस्पताल में दो की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

बेरोजगारी व बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को युवा कांग्रेस ने बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और आवास योजना में देरी को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि बड़वारा क्षेत्र में जेके व्हाइट सीमेंट, बिरला व्हाइट सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियां होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगारी नहीं मिल रहा है। कंपनियों के सीएसआर फंड के उपयोग पर भी सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि फंड से गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों के लिए अच्छा स्कूल और आधुनिक अस्पताल बनाया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

एक नजर में

लोक अदालत में होगा लंबित प्रकरणों का निराकरण

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को प्रदेश के समस्त जिला न्यायालय एवं तहसील के व्यवहार न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों के कल्याण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाकर नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान करते हुए संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम के करदाताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट का अधिक से अधिक लाभ सुविधापूर्ण तरीके से प्रदान करने हेतु शनिवार 9 मई को नगर के प्रमुख पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधव नगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने पर शासन निर्देशानुसार अधिभार में शत प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि योजना के प्रावधानों के अंतर्गत 50 हजार रुपये तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपये तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णत: माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। लोक अदालत का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किस्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था दी गई है, जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा। सभी नागरिकों से कहा गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में छूट का अधिकतम लाभ उठाएं।

भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

उमरियापान में आतिशबाजी कर बांटी गई मिठाई

नवभारत, उमरियापान। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार जीत की खुशी में नगर उमरियापान में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर विश्वास जताया है। जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मार्गों पर जयकारे लगाए और पार्टी के झंडे के साथ विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता और काफी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व की सराहना करते हुए आगामी चुनावों में भी भाजपा को मजबूत समर्थन मिलने का विश्वास जताया।

खाते से ऑनलाइन लाखों रूपए निकालने वाला आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई उत्तराखंड से पकड़ा आरोपी

नवभारत, कटनी। मोबाइल हैक कर एक युवक के खाते से तीन लाख रूपए की ठगी करने वाले एक शातिर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 16 मार्च 2026 को कोतवाली थाना अंतर्गत मोतीबाग निवासी आशीष गौतम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पंजाब नेशनल बैंक शहडोल ब्रांच में खाता है। खाते से लिंक मोबाईल नंबर से फोन-पे चलाता हूं। उसके खाते में करीब तीन लाख रू की राशि थी जो अपनी बहन की शादी के लिए रखा था। मेरे खाते से अलग-अलग दिन और समय पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 2 लाख 96 हजार रूपए ऑनलाईन निकाल लिए गए है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान बैंक खाते के ट्रांजेक्शन के संबंध में जानकारी ली गई। सायबर सेल से संबंधित खाताधारकों के संबंध जानकारी ली गई। जिस पर पता चला कि संदेहियों के खाते अलग-अलग स्थानों में संचालित होना पाए गए। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर सायबर सेल की मदद से संदेह के आधार पर उत्तराखंड कौशलपुर से गुरमीत सिंह पिता दर्शन सिंह को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, एसआई किशोर कुमार द्विवेदी, एसआई नवीन नामदेव, आरक्षक उमाकांत तिवारी, लोकेन्द्र सिंह, सायबर सेल के आरक्षक सतेन्द्र सिंह, चंदन प्रजापति, अमित श्रीपाल की अहम भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और सरीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

धान खरीदी का भुगतान अटका, बेटी की शादी को लेकर किसान परेशान

कलेक्टर की जनुसनवाई में शिकायत के बाद भी नहीं मिली राहत

नवभारत, बाकल। बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम पटोरी निवासी किसान मलखान सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। किसान का आरोप है कि दिसंबर माह में तुलि गई धान का करीब 2 लाख 60 हजार रुपए का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

भुगतान अटकने से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जबकि 13 मई को उसकी बेटी की शादी भी तय है। किसान मलखान सिंह ने मीडिया के सामने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि धान खरीदी केंद्र सलैया पटोरी, जो बाकल समिति अंतर्गत संचालित है, वहां धान खरीदी के बाद आज तक भुगतान नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों और विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं किया गया। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने कलेक्टर जनसुनवाई में भी आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई, लेकिन वहां से भी केवल आश्वासन ही मिला। लगातार कार्यालयों के चक्कर लगाने से परेशान किसान अब खुद को ठगा महसूस कर रहा है।

मामले को लेकर किसान द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत क्रमांक 35988089 के माध्यम से भुगतान दिलाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इधर, समिति प्रबंधक पुरुषोत्तम द्विवेदी ने बताया कि लगभग 18 से 20 किसानों का भुगतान लंबित है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और भोपाल स्तर पर किसानों की सूची भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि शासन किसानों को समय पर भुगतान और राहत देने के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान अपनी ही मेहनत की रकम के लिए भटकने को मजबूर हैं। बेटी की शादी जैसे पारिवारिक दायित्व के बीच भुगतान अटकने से किसान परिवार मानसिक तनाव में है। किसान का कहना है कि उनके द्वारा बेची गई फसल का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए।

वार्ड में 72 लाख के विकास कार्यों से मिलेगी सुविधा

महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

नवभारत, कटनी। शहर के जालपा देवी और बिरसा मुंडा वार्ड में लगभग 72 लाख रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों की नींव गरिमामय वातावरण में रखी गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, जनप्रतिनिधियों सहित वार्डवासियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के प्रति प्रसन्नता और उत्साह व्यक्त किया। सड़क, नाली, सौंदर्यीकरण से जुड़े इन विकास कार्यों के पूरा होने से दोनों वार्डों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होगी। नागरिको को बेहतर आवागमन और जल निकासी जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। जालपा देवी वार्ड क्रमांक 8 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम ने सामाजिक सम्मान और संवेदनशीलता की प्रेरणा दी। यहां वार्ड के वरिष्ठ नागरिक और चिकित्सक डॉ एलएन खंडेलवाल के कर-कमलों से विकास कार्यों का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ खंडेलवाल का स्वागत और सम्मान किया। महापौर ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से प्रारंभ किए गए कार्य सदैव जनकल्याणकारी और सफल सिद्ध होते हैं। जालपा देवी वार्ड में लगभग 65 लाख रुपए की अधिक लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य किए जाएंगे। साथ ही राकेश कुशवाहा के घर से मौर्य के घर तक नाली निर्माण और कवरिंग का कार्य भी कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। विकास कार्यों की शुरुआत को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय जनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महापौर एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष संजू गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वहीं स्थानीय जनों में मधु खंडेलवाल, रोशनी टीपा, रेखा तुढ़हा, सपना छिरौल्या, नरेश बहरे, नितिन टीपा, लता सराफ, लीला बहरे, सविता तुड़हा सहित अन्य नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का दूसरा चरण बिरसा मुंडा वार्ड में आयोजित हुआ, जहां क्षेत्रीय पार्षद नन्हीबाई तुलाराम गोटिया की पहल पर खेरमाता मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। लगभग 6.75 लाख रुपए की लागत से चबूतरा मरम्मत, बाउंड्रीवॉल एवं गेट निर्माण का कार्य कराया जाएगा। पार्षद ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण और विकास क्षेत्र की पहचान है।

गंदगी का अंबार, मंदिर जाने वाले रास्ते में गंदे पानी का भराव

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दशरमन ग्राम पंचायत के ग्रामीण परेशान

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दशरमन इन दिनों अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ी हुई है। सरपंच और पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते पूरा गांव गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

आलम यह है कि निकासी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है, जिससे नालियों का गंदा पानी अब सड़कों पर बह रहा है। स्थानीय नागरिकों ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों का कहना है कि नालियां पूरी तरह से जाम हैं, जिसके कारण गंदा पानी गलियों में जमा हो रहा है। माता की मढिया जैसे पवित्र स्थान पर जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से गुजरकर पूजा करने जाना पड़ता है, जो बेहद शर्मनाक है। खुले में जमा पानी और कचरे के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है। बढ़ते अतिक्रमण और प्लास्टिक कचरे के सही निपटान नहीं होने से स्थिति और भी बदतर हो गई है। शिकायतों के बाद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सिर्फ औपचारिक खानापूर्ति कर लौट जाते हैं। समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

बार-बार की शिकायतों के बावजूद सरपंच उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मानसून से पहले नालियों की सफाई और पानी की निकासी का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

समीक्षा | नगर निगम की समीक्षा बैठक

तहसीलदार के डांटने पर नाराज किसानों ने कटनी-दमोह मार्ग पर किया चकाजाम

नवभारत, रीठी। जिले के रिठी गेहूं खरीदी केंद्र में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब एक किसान के गेहूं की तुलाई रोककर उसे दोबारा साफ कराने के निर्देश दिए गए। मौके पर पहुंची तहसीलदार द्वारा किसान को डांटने से नाराज़ किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब देर तक यातायात प्रभावित रहा, बाद में प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। इसी क्रम में रीठी खरीदी केंद्र में एक किसान का गेहूं अमानक बताते हुए खरीदी करने से मना कर दिया गया। किसानों का आरोप है कि संबंधित किसान से गेहूं को दोबारा साफ और छनवाने के लिए कहा गया। किसानों ने बताया कि दोबारा साफ कराने के बाद भी गेहूं में महज 0.5 प्रतिशत ही कचरा निकला, बावजूद इसके खरीदी में देरी की जा रही थी। इसी दौरान निरीक्षण करने पहुंची तहसीलदार द्वारा किसान को फटकार लगाए जाने से वहां मौजूद किसान भड़क गए और विरोध शुरू कर दिया। गुस्साए किसानों ने रिठी के खेर माई के पास कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सड़क पर ट्रैक्टर और वाहन खड़े कर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चक्का जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर मामले को शांत कराने की कोशिश की। काफी समझाइश और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात फिर से सुचारु हो सका। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच की बात कह रहा है, लेकिन किसानों में खरीदी व्यवस्था को लेकर नाराज़गी साफ दिखाई दे रही है। अब देखना होगा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन कितनी जल्दी कर पाता है।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 को

नवभारत, कटनी। श्री गहोई वैश्य वनिता समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 10 मई रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मनोहर शिशु मंदिर में किया जाएगा। समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण किया जाएगा। साथ ही शिविर में निशुल्क बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। समिति की अध्यक्ष उषा नौगरहिया, सचिव विभा कंदेले ने शहरवासियों से कहा है कि वे सपरिवार, इष्ट मित्रों और सामाजिक बंधुओं सहित शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। समिति ने संदेश देते हुए कहा कि जिंदगी को रखना है खुशहाल, तो रखें स्वास्थ्य का ख्याल। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचाकर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए कहा गया है। शिविर में बगैर शुल्क लिए आंखों की जांच की जाएगी।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024